हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

04 वर्षों से राहगीरों की आवाजाही वाले रास्ते पर लिख दिया: आने-जाने ...



07 जन्माष्टमी के पर्व को लेकर उत्साह में डूबा शहर युगल सरकार...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

भगवान बलराम जयंती: चल समारोह का कांग्रेस ने किया जोरदार स्वागत



गुना। धाकड़ किरार समाज द्वारा शहर में धरणीधर भगवान बलराम जयंती एवं चल समारोह का जिला/ शहर/ ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में स्वागत किया गया। कांग्रेस जनों भगवान बलराम की पूजा आर्चना की की एवं पुष्प वर्षा कर धाकड़ किरार समाज बन्धुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरिशंकर विजयीवर्गीय,रजनीश शर्मा शहर अध्यक्ष गुना,पंकज कनेरिया जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री,रमेश सेंड़ो पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश यादव जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस, श्रीमती सीमा यादव महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष, रामप्रकाश चौधरी,रतिराम धाकड़,धर्मेन्द्र धाकड़, लक्ष्मीनारायण धाकड़,रणवीरसिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष गुना , सत्यप्रकाश वर्मा रिट.टीआई भगवान सिंह अहिरवार जिलाध्यक्ष अजा, राजू जाटव पार्षद प्रतिनिधि, तरुण सेन पार्षद,अशोक जाटव,प्रेमनारायण खेरा नरेश,प्रतीक कपूर,आर्यन सेंड़ो मंडल अध्यक्ष,नरेंद्र कुशवाह शिक्षक,वीरेंद्र ओझा,हेमंत जाटव,सहदेव राकेश बाल्मीकि युवा महामंत्री गोलू कुशवाह आदि मौजूद रहे।

राघोगढ़ में सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह का आयोजन



राघौगढ़। नगर पालिका में निर्माण कार्य शाखा में पदस्थ अशोक कुमार श्रीवास्तव का सेवा निवृत्ति एवं सम्मान समारोह नगर पालिका के शासकीय ठेकेदारों द्वारा किया। सम्मान समारोह में अशोक श्रीवास्तव का माला पहनकर शॉल श्रीफल देकर साफा बांधकर किया गया। श्री श्रीवास्तव का कार्यकाल 33 वर्ष का रहा श्रीवास्तव ने नगर पालिका परिषद स्थित शिव मंदिर पर पूजा अर्चना की नगर पालिका स्टाफ ने उनके कमरे को सजाकर उनको भाववीनी विदाई दी नगर पालिका सीएमओ तेज सिंह यादव ने कहा कि अशोक श्रीवास्तव का पूरा जीवन संघर्ष पूर्ण रहा।

रघुवंशी समाज ने निकाली शोभायात्रा



आरोन। रघुवंशी समाज की ओर से लव कुश जयंती के उपलक्ष में कुशवाह समाज द्वारा निकाली गयी। शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। सत्कार सकल रघुवंशी समाज आरोन की ओर से भगवान श्री लव-कुश जी की जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का पुष्पमाला एवं स्वल्फहार वितरण कर आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया गया।इस अवसर पर समाज के महानुभावो के द्वारा शोभा यात्रा में कुशवाह समाज के उपस्थित जिले के पदाधिकारियों सहित ब्लॉक अध्यक्ष श्री हिम्मत कुशवाह जी एवं रथ में सवार गणमान्यजनों का माला पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया गया।इस अबसर पर कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जिला अस्पताल में बच्ची की मौत का मामला

इलाज में लापरवाही के आरोपों से घिरे नर्सिंग स्टॉफ ने परिजनों पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में भर्ती 11 वर्षीय मासूम बच्ची दिव्या वंशकार की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। एक तरफ जहां पीड़ित परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर कई घंटों तक इलाज न करने का संगीन आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया था, वहीं अब खुद को कठघरे में खड़ा देख नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने उलटे कलेक्टोरेट पहुंचकर मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन ने अपनी कार्यशैली पर पर्दा डालने और प्रशासनिक दबाव बनाने के उद्देश्य से परिजनों पर अभद्रता और मारपीट के प्रयास का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि धरनावदा थाना क्षेत्र के महू गढ़ा गांव निवासी 11 वर्षीय दिव्या वंशकार को किसी अज्ञात कीड़े ने काट लिया था। परिजन सुबह 11 बजे उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन परिजनों का आरोप है कि घंटों तक स्टाफ ने बच्ची की सुध नहीं ली और केवल ब्लड सैंपल लेकर छोड़ दिया। जब परिजनों के परिचित ने हस्तक्षेप किया, तब जाकर जैसे-तैसे केवल एक बोतल और इंजेक्शन लगाया गया। शाम करीब 6 बजे सही इलाज के अभाव में बच्ची ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों व स्टाफ की इस भारी लापरवाही से आक्रोशित परिजनों ने जब अपनी बच्ची को खोने का दर्द बयां किया और दोषी स्टाफ पर निलंबन की कार्रवाई की मांग की, तो अब अस्पताल प्रशासन और नर्सिंग एसोसिएशन बचाव की मुद्रा में आ गया है। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने कलेक्टोरेट पहुंचकर परिजनों पर ही शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप जड़ दिया। एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह और पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि 1 सितंबर को बच्ची की मौत के बाद उसके परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि बालिका के दादा ने अशोभनीय इशारे व गाली-गलौज की, बुआ व दादी ने नर्सों की कुर्ती खींचकर धक्का-मुक्की की और बालिका के पिता सुरेंद्र वंशकार तथा चाचा ने वीडियो बनाकर स्टाफ को बाल पकडक़र घसीटने, कपड़े फाडऩे, जान से मारने और जिंदा जलाने की धमकियां दीं। एसोसिएशन ने अपनी विफलताओं को दरकिनार करते हुए प्रशासन के सामने मांगों की लंबी सूची रख दी है। उनकी प्रमुख मांगें हैं कि घटना में शामिल मृतका के परिजनों के विरुद्ध तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के साथ हुई अभद्रता की निष्पक्ष जांच हो, और जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके साथ ही कर्मियों ने सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है।

मप्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी गुना की बेटी

मुस्कान का महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले की प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी एवं गोलकीपर मुस्कान रघुवंशी का महिला हॉकी अकादमी, ग्वालियर के लिए चयन हुआ है। मुस्कान इससे पूर्व हॉकी प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं। उनकी इस नई उपलब्धि से गुना के हॉकी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में हर्ष व्याप्त है।मुस्कान ने गोलकीपर के रूप में निरंतर अपने खेल को निखारा है और विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा साबित की है। मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में उनका चयन उनके खेल जीवन की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।जिला हॉकी संघ, गुना के सचिव ब्रजेश दुबे ने मुस्कान को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल मुस्कान और उनके परिवार, बल्कि पूरे गुना जिले के लिए गौरव का विषय है। गुना की हॉकी परंपरा लगातार नई प्रतिभाओं के माध्यम से आगे बढ़ रही है। मुस्कान की सफलता जिले की अन्य बालिका खिलाड़ियों को भी उच्च स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करेगी।जिला हॉकी संघ ने मुस्कान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अकादमी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर वे आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश और गुना का नाम रोशन करेंगी।

छात्राओं ने की सुरक्षा की मांग..

छात्रा के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



हाल ही में दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 11वीं की छात्रा से दरिंदगी की गई। उसके खिलाफ डीएसओ कॉलेज कमेटी द्वारा पीजी कॉलेज में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से कॉलेज कमेटी अध्यक्ष शुभम राव ने बताया कि पूरे देश में लगातार महिलाओं बच्चियों के साथ रेप, सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

सरकार इन अपराधों के खिलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसी का नतीजा है कि ये अपराध बढ़ते जा रहे है। 2012 के निर्भया कांड के बाद सार्वजनिक और निजी यात्री बसों के लिए तय किए गए कड़े सुरक्षा नियम आज भी केवल कागजों तक सीमित हैं। जिस स्लीपर बस में छात्रा से हैवानियत हुई, वह नियमों को ताक पर रखकर खिड़कियों पर पर्दे लटकाए 47 किलोमीटर तक दौड़ती रही, लेकिन रास्ते में न तो किसी पॉइंट पर उसकी जांच हुई। सुरक्षा में कमियों खमियाजा महिलाओं बच्चियों को भुगतना पड़ रहा है। इन सब घटनाओं का जो मूल कारण है शराब, नशा, अश्लीलता इन सब पर रोक लगाने की जरूरत थी, लेकिन सरकार लगातार शराब नशे को बढ़ावा दे रही है। गली-गली चौक चौराहों पर शराब की दुकान खोली जा रही है। गुना ने ही नई शराब की दुकान खुल है। इससे ये सिद्ध होता है कि सरकार को महिलाओं बच्चियों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है।

मुक्तिधाम की जर्जर छत और आवारा मवेशियों के आतंक से आक्रोशित सर्वसमाज

15 दिन में समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर स्थित श्रीराम मुक्तिधाम की बदहाल व्यवस्थाओं और सडक़ों पर आवारा सांडों के लगातार बढ़ते आतंक से परेशान होकर सर्वसमाज एवं सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा गुरुवार को नगर पालिका परिसर के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात प्रतिनिधियों ने नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के अविलंब निराकरण की मांग की। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अव्यवस्थाओं के खिलाफ यह पहला क्रमबद्ध आंदोलन है, यदि समय रहते प्रशासनिक कदम नहीं उठाए गए तो आगे और भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

सौंपे गए ज्ञापन में सर्वसमाज ने प्रमुखता से दो बड़ी समस्याएं उठाईं। पहली समस्या श्रीराम मुक्तिधाम के जीर्ण-शीर्ण हो चुके हॉल से जुड़ी है। प्रतिनिधियों ने बताया कि मुक्तिधाम में रोजाना अंतिम संस्कार के लिए शहरवासियों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन हॉल की छत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है और उसका प्लास्टर लगातार गिर रहा है, जिससे किसी गंभीर हादसे की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही मुक्तिधाम में बिजली की माकूल व्यवस्था न होने के कारण लोगों को अंधेरे में दाह संस्कार करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दूसरी प्रमुख समस्या के रूप में शहर की सडक़ों पर आवारा सांडों के बढ़ते आतंक को रेखांकित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सुबह के समय जब छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं तो उनके परिजन अनहोनी के डर से काफी चिंतित रहते हैं। आवारा सांडों के कारण आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी बाजारों में निकलना जोखिम भरा हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिनों के भीतर इन दोनों समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं निकाला गया, तो सर्वदलीय बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला एवं नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस दौरान सर्वसमाज व सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में राकेश मिश्रा, विश्वनाथ तिवारी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, नरेंद्र भदौरिया, चांद सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महूगढ़ा रेलवे अंडरब्रिज के पास कर्मचारी से 4 बदमाशों ने की लूट

गुना। जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत चौकी रूठियाई क्षेत्र में एक रेलवे कर्मचारी के साथ लूट की वारदात सामने आई है। फरियादी बबलू मीणा (40), जो महूगढ़ा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत हैं, गत दिवस रात अपना काम समाप्त कर रेलवे कॉलोनी गुना लौट रहे थे। जैसे ही वे महूगढ़ा फाटक अंडरब्रिज के पास पहुंचे, बाइक पर सवार होकर आए 4 अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने फरियादी से उनका वीवो कंपनी का मोबाइल, किताबों से भरा बैग और 300 रुपये नगद जबरन छीन लिए। जब पीड़ित ने पीछा किया तो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर तेजी से फरार हो गए। काफी तलाश के बाद भी सुराग न मिलने पर पीड़ित ने रूठियाई चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

45 दिनों में 151 बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

गुना। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत 45 दिनों के भीतर गुना पुलिस ने आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों और नशा तस्करों के खिलाफ चौतरफा शिकंजा कसा है। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई व गुंडा सूची में बढ़ोतरी अभियान के तहत 151 आदतन अपराधियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगभग 34 लाख रुपये की राशि के वाउंड भरवाए गए हैं। बंध पत्र का उल्लंघन करने वाले 32 आरोपियों पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई, जिनमें से 4 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। इसके अलावा मारपीट की घटनाओं में संलिप्त 36 नवीन बदमाशों को जिले की गुंडा सूची में शामिल कर उनकी सतत निगरानी शुरू कर दी गई है। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु चलाए गए अभियान में एनडीपीएस एक्ट के 10 प्रकरण दर्ज कर 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 106.87 ग्राम स्मैक कीमत 15.80 लाख, 36.251 किग्रा गांजा कीमत 3.78 लाख रुपये और तस्करी में प्रयुक्त 6 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

टोल टैक्स के पास तूफान गाड़ी ने बुलेट को मारी टक्कर, युवक घायल

गुना। जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गत शाम एक सडक़ दुर्घटना सामने आई है। जीनघर गुना निवासी नईम खान (38) अपने रिश्तेदारों के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों से भिलेरा गांव जा रहे थे। शाम करीब 5:30 बजे जैसे ही वे बजरंगगढ़ टोल टैक्स के आगे पहुंचे, पीछे से आ रही तूफान गाड़ी एमपी 08-0868 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए नईम की बुलेट में टक्कर मार दी। हादसे में नईम सडक़ पर गिरकर घायल हो गए, जिन्हें डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में उन्होंने निजी अस्पताल में इलाज कराया। जांच के दौरान चालक की पहचान गोलू गिरी निवासी आरोन के रूप में हुई। बजरंगगढ़ पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बरौद में नवीन पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

बेहतर सुविधाएं गांवों का विकास करती हैं: जयवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



आरोन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौद में गुरुवार को नवीन पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम के वरिष्ठजनों की मौजूदगी में किया। नवीन भवनों के लोकार्पण से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने ग्रामवासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास, ग्रामीणों की सुविधाओं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए स्थानीय आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली।

विधायक ने कहा कि गांवों में बेहतर आधारभूत सुविधाओं का विकास ग्रामीणों के जीवन को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पंचायत भवन के माध्यम से पंचायत संबंधी कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी, वहीं सामुदायिक भवन का उपयोग ग्रामीण विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए कर सकेंगे।ग्रामीणों की सुविधाओं में होगा विस्तारनवीन पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन के निर्माण को ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इन भवनों के उपलब्ध होने से ग्रामीणों को पंचायत स्तर के कार्यों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा तथा सामुदायिक आयोजनों के लिए भी सुविधा उपलब्ध होगी।इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों एवं ग्रामवासियों ने विधायक जयवर्धन सिंह का स्वागत किया और गांव के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की।सरपंच एवं पंचायत टीम को दी बधाई कार्यक्रम के दौरान इस जनोपयोगी निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पूरी पंचायत टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। ग्रामीणों ने भी नवीन पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे गांव के विकास और सुविधाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।लोकार्पण कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

वाराणसी-गया यात्रा के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन

गुना। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत गुना जिले से 26 सितम्बर 2026 से 01 अक्टूरबर 2026 तक वाराणसी-गया तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है। यात्रा में गुना जिले से 196 यात्री तथा 04 अनुरक्षक की भागीदारी निर्धारित है। यात्रा में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र दिनांक 02 सितम्बिर से 2026 से 15 सितम्ब र 2026 तक संबंधित नगरपालिका एवं जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। योजना का लाभ केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी को मिलेगा। आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए तथा उसकी आयु 60 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। महिलाओं के लिए न्यूनतम आयु 58 वर्ष निर्धारित है। 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों पर आयु सीमा लागू नहीं होगी। पति-पत्नी में से किसी एक के पात्र होने पर जीवनसाथी भी यात्रा के लिए पात्र होगा।

गीता के ज्ञान और श्रीकृष्ण के कर्मयोग से गूंजा क्राइस्ट स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



क्राइस्ट स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया गया। गीता के श्लोकों और उनके हिंदी काव्यानुवाद पर आधारित काव्य-छंदों ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया।कक्षा 12 की छात्राओं ने नृत्य-नाटिका ''अस्तु अर्जुन! कर्म कर!'' प्रस्तुत की। शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत के माध्यम से प्रस्तुत इस नाटिका में 'गीता के सार' और 'कर्मयोग के संदेश' को 30 मिनट में प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया गया।कक्षा 12 के छात्रों ने योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के अद्भुत व्यक्तित्व, विशिष्टताओं, दिव्य संदेशों, पराक्रम, नेतृत्व, नीति और धर्म-संस्थापन के संदेशों को प्रभावशाली संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया,, यथा- "धर्म तथा शांति की स्थापना के लिए शक्ति की आवश्यकता का भी विकल्प देने वाला, उनसे बड़ा महानायक और महावीर कौन हो सकता है?" "5 निर्वासित पांडवों को विश्व की सबसे बड़ी सेना पर विजय दिलवाने वाला उनसे बड़ा महापराक्रमी, महायोद्धा कोई हो सकता है??"कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने कृष्ण-भजनों पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा 3-4 के बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्म एवं जीवन पर आधारित आकर्षक झाँकियाँ सजाईं। कक्षा 10 व 11 के छात्रों ने श्रीकृष्ण के उपदेशों एवं विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला।प्राचार्य फादर बाबू जॉन ने विद्यार्थियों से गीता के उपदेशों और जीवन-संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन तथा पटकथा-लेखन डॉ. रमा सिंह ने किया तथा तारिका जैन, सारिका रावत, अंजू तिवारी, तुहिना भार्गव, पूजा रघुवंशी, गरिमा राजोरिया और श्वेता जैन, अभिषेक व्यास, सुखवीर सिंह तथा समस्त स्टाफ और मैनेजमेंट का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

समाचार संक्षेप

विश्व गीता प्रतिष्ठानम मनाएगा स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा प्रतिष्ठानम का स्थापना दिवस एवं योगेश्वर भगवान कृष्ण का प्रकटोत्सव पर्व कुन्दन निवास धर्मशाला जाट मोहल्ले में शुक्रवार को दोपहर दो बजे से मनाया जायेगा। जिला उत्सव प्रमुख वीरेंद्र भार्गव तथा नगर उत्सव प्रमुख कविता शर्मा ने सभी गीतानुरागियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ का अनुरोध किया है।

संत शिरोमणि रविदास की 650 जयंती पर पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत



आरोन। भारत सरकार के निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश अनुसार संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 जयंती के उपलक्ष में आरोन में कलश रथ यात्रा भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के तत्वावधान में नगर के प्रमुख बाजार से कलश रथ यात्रा निकली गई इस कलश रथ यात्रा में जगह-जगह संत शिरोमणि रविदास महाराज की पूजा अर्चना कर आरती की गई और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री अनीता जैन अपने सिर पर कलश रखकर रथ यात्रा में शामिल हुईं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़, भाजपा नेता संजीवसोनी देवेंद्र सिंहहल्के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद शर्मा,मुनेश जैन,श्रवण जैन,दौलत खटीक राजीव सिंह राजावत, रविंद्र धाकड़ लखनजाटव,राम, प्रकाश शर्मा,परमार साह,श्रीमती अनीता जैन,डॉक्टरकैलाशरघुवंशी,लक्ष्मी नारायण प्रजापति,बाला प्रजापति,वर्षा कुशवाहा, नारायण प्रजापति,गोलू अहिरवार, कमल अहिरवार,शेखर अहिरवार आदि मौजूद रहे।

सशक्त युवा, सशक्त भारत विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



आरोन। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अमिताभ मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के मार्गदर्शन में एवं बीएस सोलंकी अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आरोन की अध्यक्षता में सशक्त युवा, सशक्त भारत विषय पर नालसा जागृति योजना 2025 के तहत शासकीय महाविद्यालय आरोन में दिनांक 02.09.2026 को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक, छात्र-छात्राए, लीगल एड स्टाफ, कोर्ट मुंशी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री हिंदु सिंह धाकड़ ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

रेलवे स्टेशन के पास बना अंडरपास बना जलमार्ग

वर्षों से राहगीरों की आवाजाही वाले रास्ते पर लिख दिया:आने-जाने का मार्ग नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



रेलवे स्टेशन के ईएन कार्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित श्रीराम कॉलोनी सहित दर्जनों कॉलोनियों को जोड़ने वाला अंडरपास इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। वर्षों से आम राहगीरों की आवाजाही के लिए उपयोग किए जा रहे इस अंडरपास में बारिश के दौरान पानी भरने और सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।राहगीरों की शिकायत पर सामाजिक कार्यकर्ता सुनील आचार्य ने पश्चिम मध्य रेलवे के संबंधित अधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अंडरपास की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अंडरपास की छत से पानी टपकने के साथ ही सड़क पर वर्षों से गहरे गड्ढे बने हुए हैं। उन्होंने रेलवे से अंडरपास का जीर्णोद्धार कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।बताया गया कि शिकायत के अगले दिन भोपाल मंडल के डीआरएम की ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त अंडरपास के फोटो भेजे गए। इन तस्वीरों में अंडरपास की दीवार पर लिखा दिखाई दिया "यह जलमार्ग है, आने-जाने का मार्ग नहीं।"इसके बाद सुनील आचार्य ने मौके पर पहुंचकर अंडरपास से गुजर रहे राहगीरों से बातचीत की। राहगीरों ने बताया कि वे इस मार्ग का वर्षों से आवागमन के लिए उपयोग करते आ रहे हैं और इससे पहले यहां इस तरह की कोई सूचना नहीं लिखी गई थी। उनका कहना था कि यह सूचना उन्होंने पहली बार देखी है।राहगीरों ने रेलवे की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यह अंडरपास शुरू से ही केवल जलमार्ग था तो फिर यहां लाखों रुपये खर्च कर सड़क का निर्माण क्यों कराया गया? वहीं उनका यह भी सवाल है कि यदि यह जल निकासी का मार्ग है तो अंडरपास की सड़क के किनारे कंक्रीट की दीवार बनाकर लगभग 10 फीट चौड़े हिस्से में पानी की निकासी की व्यवस्था किस उद्देश्य से की गई है? रेलवे की कार्यप्रणाली पर उठे सवालसुनील आचार्य ने कहा कि रेलवे अधिकारियों को जनता को भ्रमित करने के बजाय समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए। वर्षों से जिस रास्ते का उपयोग स्थानीय नागरिक आवागमन के लिए करते आ रहे हैं, वहां अब अचानक "जलमार्ग" लिखे जाने से कई सवाल खड़े हो गए हैं।

ऐलडरमैनों ने विकास के लिए चिन्तन कर आगामी रणनीति कार्ययोजना बनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ नगरपालिका के भाजपा पार्षदों एवं ऐलडरमैनों की एक बैठक पार्षद मनीष अग्रवाल के अग्रवाल गार्डन में हुई। इस बैठक में सभी पार्षदों सभी ऐलडरमैनो ने राघोगढ के विकास के लिये सभी तरह का चिन्तन मनन विचार-विमर्श कर अगामी रणनीती कार्ययोजना बनाई सभी पार्षदों सभी एल्डरमैन ऐलडरमैनो ने विकास के लिये सब कुछ करने का संकल्प लिया। सभी ऐलडरमैनों सभी पार्षदों ने अपने अपने विचार सुझाव रखे नेताप्रतिपक्ष राममोहन चोकसे वरिष्ठ नेता पार्षद गोपाल पटवा ओर मण्डल अध्यक्ष अंकित शर्मा ने मार्गदर्शन सम्बोधन दिया। अखिल में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत शासकीय पार्षद एल्डरमैन पिस्ता ओझा सुरेश मेर सुशील चंदेल राम भरोसा सैनी सुदर्शन जायभाये राजेन्द्र कुमार वाखी का मण्डल अध्यक्ष अंकित शर्मा और सभी पार्षदों ने स्वागत किया। शॉल श्रीफल देकर ओर शुभकामनाएं दी इस आयोजन में गणेश राम सैनी ओमी बुनकर पार्षद विवेक चंदेल के साथ सचिन मेर उपस्थित रहे।

पेयजल सप्लाई के लिए डाली जा रही पाइपलाइन में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



नगर परिषद द्वारा मंडी रोड पर पेयजल सप्लाई हेतु नई पाइप लाइन डाली जा रही है जिसका पाइप सड़क के ऊपर दिखाई दे रहा है जो कभी भी बस्ट होकर निष्क्रिय हो सकता है जिससे शासन और जनता की राशि का बर्बाद होना तय माना जा रहा है। इस पर कांग्रेस के पार्षद और ₹आस पास के रहवासियों द्वारा कड़ी आपत्ति दर्ज की गईं है। इसको लेकर सीएमओ लीलाधर सेन, इंजीनियर शर्मा, रहवासी और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामदाससिंह राजपूत, पार्षद विष्णु मीणा, रेखा नरसिंह खटीक, सीमा राधेश्याम सैनी, अस्मा साजिद पठान,एवं ठेकेदार अरविन्द गुर्जर ने मौका मुआयना किया और इसे तुरंत दुरुस्त करने की मांग की। इन पार्षदों का कहना है कि नियम अनुसार इस्टीमेट मे इस लाइन को तीन फुट खुदाई कर जमीन के अंदर डाला जाना चाहिए था, वहीं ठेकेदार का कहना है इस जगह पर पुरानी पाइप लाइन होने के कारण खुदाई मे दिक्कत आ रही थी इसलिए इसे दो से तीन दिन मे ठीक करवा दिया जाएगा। बता दें कि इस रोड पर व्यापारियों की माल गोदाम होने के कारण भारी वाहनों की लोडिंग... अनलोडिंग होती रहती है और इन भारी वाहनों की आवा जाही से यह लाइन बस्ट हो सकती है जिससे राजस्व की बर्बादी तो होगी ही बल्कि जिस जनता को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु यह लाइन डाली जा रही है उसका कोई मतलब नहीं रह जावेगा सनद रहे कि इसी तरह की अनियमिता वर्ष 2015 मे 14 करोड़ की योजना के अंतर्गत सारे नगर मे पाइप लाइन बिछाई गईं थी।

पुलिस की बड़ी सफलता, 15.80 लाख के 79 गुम मोबाइल बरामद, एसपी ने सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना एसपी हितिका वासल ने वास्तविक मालिकों को सौंपे



पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में गुना पुलिस की साइबर सेल ने आधुनिक तकनीक और सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस की विशेष टीम ने विगत दो माह के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गुम और चोरी हुए लगभग 15.80 लाख रुपये मूल्य के 79 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए हैं। बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम गुना में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान स्क्क हितिका वासल और एएसपी प्रशांत सिंह सुमन ने सभी बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए, जिससे आवेदकों के चेहरों पर खुशी लौट आई। इस सफल कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह चौहान, आरक्षक कुलदीप यादव, भूपेंद्र खटीक, अभय रघुवंशी, महिला आरक्षक पूजा गुप्ता सहित समस्त थानों के ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल नोडल अधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही। इन नागरिकों को वापस मिले उनके मोबाइल फोन प्राप्त करने वाले आवेदकों में रिशु कुमार, धनपाल सिंह, रिंकु कोरी, रोशनी, आकाश गुप्ता, सुरेंद्र कुशवाह, हरिओम, शिवम, जीवन, धर्मेंद्र सिंह, फरहान खान, बबलेश, मानबाई, कृष्णपाल, कैलाश, अमित, फराज खान, राहुल, सीताराम, प्रदुम्न, महेंद्र सिंह, मनोज केवट, मंजेश, राकेश, अय्यूब खान, कमलेश, राहुल, आदित्य, रीना, अभिषेक मीना, रामू, तारासिंह, भरत सेन, गोपाल सिंह, संदीप, सुधीर, रोहित मीना, अंकित माली, लक्ष्मण अहिरवार, मनोज, राजकुमार धाकड़, संतोष, अरुण, धनराज, अभिषेक, फरियाद अली, नीरज धाकड़, गोलू भील, रामबाबू, मयंक, बलवीर, राहुल, आफताब, रघुवीर, मौवत सिंह, प्रकाश, कान्हा, अमित, रामवीर, सोनू, राकेश, बबलू धाकड़, सत्तार, छोटू लोधा, भूपेंद्र रघुवंशी, अशोक, धर्मेंद्र, राजकुमार और मोहन शामिल हैं।

फर्जी जॉइनिंग लेटर भेजने में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद

फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर पुलिस द्वारा फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले प्रकरण में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है ।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को फरियादी द्वारा फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चंदेरी को तत्काल प्रभावी कार्रवाई एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव एवं पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी प्रखर उर्फ सानू सिंह, पुत्र स्व. ओमप्रकाश सिंह, उम्र 27 वर्ष, निवासी पीली कॉलोनी, गोमती नगर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

आरोपी को पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ एवं विवेचना के दौरान आरोपी की निशादेही पर एमपी नगर, भोपाल से वह मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसके माध्यम से प्रकरण की आरोपी तृप्ति सिंह द्वारा पीड़ति जयकुमार कोली को फर्जी जॉइनिंग लेटर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया था। विवेचना के दौरान आरोपी प्रखर उर्फ सानू के मोबाइल फोन का भी अवलोकन किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी की उपस्थिति में आरोपी प्रखर एवं आरोपी तृप्ति सिंह के मध्य हुई चैट, मैसेज एवं अन्य डिजिटल डाटा का परीक्षण किया गया। आरोपी द्वारा अपने मोबाइल फोन से आरोपी तृप्ति सिंह के साथ हुई चैट एवं अन्य डाटा डिलीट करना बताया गया। इस संबंध में आवश्यक पंचनामा तैयार कर प्रकरण में धारा 238 बीएनएस का इजाफा किया गया है। गिरफ्तार आरोपी प्रखर उर्फ सानू सिंह को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी तनुज वैश्य एवं अंजली सिंह की तलाश पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही है।



कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन, पुलिस, जिला अभियोजन, खाद्य, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, आबकारी विभाग की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। वन विभाग के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही, वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, अतिक्रमण, परिवहन उत्खनन, शिकार के संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। भारतीय वन अधिनियम 1927 अंतर्गत धारा-4 के तहत अधिसूचना जारी किए जाने,वन व्यवस्थापन, परिवेश पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला अभियोजन के तहत जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों की समीक्षा, लोकायुक्त एवं एन.डी.पी.एस, पॉक्सो एक्ट, अभियोजन साक्ष्य, विचारण एवं निराकरण हेतु प्रकरण की समीक्षा की गई। पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान हेलमेट चेकिंग अभियान सतत रूप से चलाये जाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु ब्लॉक स्पॉट तथा दुर्घटनाग्रस्त स्थान को चिन्हित किए जाने तथा रिफ्लेक्टर टैप ट्रालियों में लगाई जाने हेतु निर्देशित किया गया। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

डीडीआरसी में दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिव्यांगजनों के हित एवं उनके सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश सह संयोजक, दिव्यांगजन प्रकोष्ठ (भाजपा) बृज किशोर शर्मा ने डीडीआरसी पहुंचकर संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की तथा दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराने के संबंध में सकारात्मक चर्चा की।

इस दौरान दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं, दिव्यांग प्रमाण- पत्र, सहायक उपकरण, पेंशन, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि पात्र दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों तक भी शासन की योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ पहुंचाना आवश्यक है। इसके लिए प्रशासन एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जाना चाहिए। बृज किशोर शर्मा ने कहा कि "दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं। उनका सम्मान, स्वाभिमान, समान अवसर और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के हित में शासन-प्रशासन के साथ समन्वय कर निरंतर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

आयुक्त ग्वालियर संभाग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री की अध्यक्षता में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से गुरुवार को ग्वालियर संभाग के जिला कलेक्टरों से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान तथा सेवा संकल्प अभियान के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत निर्धारित पोर्टल पर विभागों द्वारा की जाने वाली एंट्री के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन हेतु संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी,आरबीसी 6(4) के प्रकरणों पर कार्यवाही, स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास की नियमित समीक्षा किये जाने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर साकेत मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर, विकास कुमार आनंद उपस्थित रहे।

सब इंस्पेक्टर पूजा के सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो पर एसपी ने बताई हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सब इंस्पेक्टर पूजा रघुवंशी द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्या एवं शारीरिक पीड़ा के संबंध में जारी वीडियो के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा विभागीय तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट की गई है।

पुलिस विभाग अपने प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा एवं पारिवारिक दायित्वों के प्रति सदैव संवेदनशील रहा है।समय-समय पर पुलिस विभाग में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों के स्वास्थय संबंधी परीक्षण भी कराये जाकर गंभीर बीमारी होने पर स्वास्थ्य कार्ड की मदद से उचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाती रही है व महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भावनाओं को प्राथमिकता देते हुए रक्षाबंधन पर्व व अन्य अवसरों पर विशेष अवकाश प्रदान किया जाना भी इसी मानवीय एवं संवेदनशील कार्यशैली का उदाहरण है। सब इंस्पेक्टर पूजा रघुवंशी द्वारा रीढ़ संबंधी स्वास्थ्य समस्या एवं शारीरिक पीड़ा का उल्लेख किया गया है। विभागीय अभिलेखों के अनुसार वे लगभग सात माह से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुई थीं तथा मई माह में मेडिकल बोर्ड के परीक्षण के उपरांत उन्हें 10 दिवस के विश्राम के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने की अनुमति दी गई थी। इसके बावजूद उनके द्वारा ड्यूटी ज्वाइन नहीं की गई ।

उनि पूजा रघुवंशी द्वारा अपनी बीमार होने की सूचना पुलिस रेग्यूलेशन की शर्तों का पालन न करते हुये सोशल मीडिया के माध्यम से रखने के बाबजूद भी पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उन्हें अवसर दिया है कि वह अपनी बीमार होने के कारण को मेडिकल दस्तावेज सहित उचित प्रक्रिया का पालन करते हुये आवेदन प्रस्तुत करें जिससे गुण दोषों पर विचार करते हुये निराकरण का प्रयास किया जायेगा, उनि की शारीरिक स्थिति स्वस्थ न होने की स्थिति में उन्हें विभागीय नियमों का पालन करते हुये उनकी समस्या का उचित निराकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित होंगे शिविर

शिविरों की तिथियों में आंशिक संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले शिविरों की तिथियां में आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा जारी संशोधन आदेश अनुसार 5 सितंबर शनिवार को तहसील पिपरई के ग्राम खजुराई में आयोजित होने वाला शिविर अब 11 सितंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। साथ ही 11 सितंबर को तहसील चंदेरी के ग्राम पंचायत सौतेर में आयोजित होने वाला शिविर स्थगित किया गया है। इस शिविर की तारीख पृथक घोषित की जाएगी।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वर यात्रा में आंशिक संशोधन

अशोकनगर। शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत रामेश्वरम यात्रा की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार रामेश्वरम यात्रा 7 सितंबर से 12 सितंबर 2026 के स्थान पर अब यात्रा 15 नवंबर से 2026 से 20 नवम्बर 2026 तक संचालित की जाएगी।

खबर संक्षेप

कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के तारतम्य में नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की विभिन्न विभाग अपने- अपने स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता गतिविधियों संचालित करें। उन्होंने कहा कि युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को विभागीय स्तर पर की जा रही कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने तथा अनावश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशानुरूप प्रयास किए जाएं।

मारपीट की घटनाओं के 2 मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया फूट निवासी पुष्पा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मवीर और भगवत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी जानकीलालर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।


नाबालिग को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार

अशोकनगर। चंदेरी पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता हुई 12 वर्षीय नाबालिग बालिका को रिपोर्ट दर्ज होने के महज 12 घंटे के भीतर गौरझामर, जिला सागर से सकुशल दस्तयाब कर लिया तथा प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग करते हुए लगातार प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस ने नाबालिग बालिका को गौरझामर तहसील, जिला सागर से महज 12 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया। बालिका के बयान एवं जांच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धाराओं का इजाफा करते हुए आरोपी कृष्णप्रताप पुत्र माधव सिंह राजपूत, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम मुरादपुर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम प्राणपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। गुमशुदा अथवा अपहृत नाबालिगों की सुरक्षित दस्तयाबी के लिए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

भगवान के दरबार आकर्षण का केन्द्र बने, मनोहारी प्रतिमाएं कर रही हैं श्रद्धालुओं को आर्कषित

जन्माष्टमी के पर्व को लेकर उत्साह में डूबा शहर युगल सरकार मंदिर सज धज कर हुआ तैयार


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अशोकनगर शहर में धूम धाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां पिछले 2 सप्ताह से जारी हैं। शुक्रवार को जन्माष्टमी के पर्व पर शहर में एक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। शहर का युगल सरकार मंदिर आर्कषण को केन्द्र बना है यहीं से चल समारोह की शुरूआत होगी। जन्माष्टमी के इस पर्व पर शहर के युगल सरकार मंदिर को आर्कषक बिजली की रोशनी और फूलों से दरवार सजाया गया है। भगवान का आर्कषक श्रृंगार किया गया है। युगल सरकार का दरवार देखते ही मन झूम उठता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इससे पहले सुबह में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जेल में मनाया जाएगा और दोपहर 11 बजे दिन में चल समारोह निकाला जाएगा। इस आयोजन में जिले भर से हजारों श्रद्धालु भाग लेगे। यह चल समारोह युगल सरकार मंदिर से प्रारंभ होकर पछाडीखेडा चैराहा-शहर के छोटे ब्रिज-गांधी चैक- इन्द्रा पार्क-बिलाला मिल रोड से स्टेशन रोड होते हुए वापिस गांधी चैक से पछाडीखेडा चैराहा होकर युगल सरकार मंदिर पर समाप्त होगा। इस चल समारोह में सर्व समाज के लोग सम्मिलित होगें। दिन भर मंदिर पर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहेगा उनके लिए प्रसादी वितरण का भी प्रबंध किया गया है।



शहर में भगवान श्री कृष्ण के अन्य दरबार

अशोकनगर शहर में भगवान श्री कृष्ण के अनेक दरबार हैं, पुजारी संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र पाराशर ने बताया कि सबसे प्राचीन मंदिर गिरधारी मंदिर है यहां भगवान गिरधारी की प्राचीन प्रतिमा है यह मंदिर 200 वर्ष पुराना है पहले कभी एक समय इस प्रतिमा में हीरे की आंखे हुआ करती थी और गॉड ऑफ ऑनर दिया जाता था। इसी प्रकार मुरलीमनोहर मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, सराफा बाजार स्थित मंदिर में भी भगवान के आकर्षक दरबार हैं। जिला प्रशासन द्वारा अशोकनगर जिले के चार स्थानों पर जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा, जिनमें मेघासन मंदिर पिछोर रोड़ चंदेरी, गोपाल मंदिर ईसागढ, युगलसरकार मंदिर अशोकनगर और राधाकृष्ण मंदिर मल्हारगढ शामिल हैं।

पुंडरीकाक्ष मंदिर भी आकर्षण का केन्द्र बना

शहर का बजरिया मोहल्ला स्थिति पुण्डरीकाक्ष मंदिर भी आकर्षण का केन्द्र बना है, भगवान श्री कृष्ण का एक नाम पुण्डरीकाक्ष भी था, यह मंदिर 300 वर्ष पुराना बताया जाता है, इसी स्थान पर फूल डोल ग्यारस पर विमान पहुंचते थे, इसी स्थान पर कभी तालाब था। यहां भगवान राधाकृष्ण का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस मंदिर में भगवान के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचना प्रारम्भ हो गए हैं, जन्माष्टमी पर यहां कई आयोजन होगें।

जन्माष्टमी पर महाकाल सेवा समिति मंगरदा करेगी मटकी फोड़ प्रतियोगिता



अशोकनगर। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महाकाल सेवा समिति मंगरदा द्वारा भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 4 सितंबर को जन्माष्टमी के दिन शाम 7 बजे से प्रारंभ होगी। महाकाल सेवा समिति सदैव सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। समिति द्वारा पूर्व में भी कावड़ यात्रा का सफल आयोजन किया गया है। इसी धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 5,100 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। समिति ने सभी मटकी फोड़ प्रतियोगिता की टीमों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने महाकाल सेवा समिति के सभी सदस्यों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाकाल सेवा समिति धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य कर रही है।

महाविद्यालय में बलराम जंयती के पर्व पर कई कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला प्रशासन एंव उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बलराम जयंती पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ ऐक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा कर्म एवं प्रकृति के जुड़ाव की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश द्वारा सरस्वती माँ के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदुपरांत छात्र विजय नीति यादव और शिवानी यादव द्वारा सरस्वती वंदना गयी गयी।

इसी तारतम्य में प्राचार्य द्वारा बच्चों को भगवान बलराम जी के जीवन दर्शन पर उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. योग्यता भार्गव, विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, ने भगवान श्री बलराम जी के जीवन एवं भारतीय संस्कृति में उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए हल के महत्व तथा कृषि एवं श्रम की महत्ता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गौरीशंकर गुप्ता एवं रश्मि कुर्मी द्वारा भगवान श्री बलराम जी से संबंधित भजन एवं लोकगीत प्रस्तुत किए गए। उनके द्वारा प्रस्तुत भजन एवं लोकगीतों ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, कृषि संस्कृति एवं श्रम के महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराना रहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेखा शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ सदस्यों और लगभग 70 विद्यार्थी ने सहभागिता की ।

भगवान बलराम जी के जीवन दर्शन पर उद्बोधन दिया

बांसुरी की जगह हाथ में मोबाइल थामे नजर आए नन्हे बच्चे

नटखट कान्हा का दिखा निराला अंदाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ब्लू चिप पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे नन्हे कान्हा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे।

कार्यक्रम में एक नन्हा विद्यार्थी श्रीकृष्ण के आधुनिक स्वरूप में नजर आया। जहां आमतौर पर कान्हा के हाथों में बांसुरी दिखाई देती है, वहीं इस नन्हे कान्हा ने हाथ में मोबाइल थामकर बदलते समय की तस्वीर प्रस्तुत की। कान्हा के इस अनोखे और रचनात्मक अंदाज ने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया। नन्हे विद्यार्थियों ने कृष्ण के बाल स्वरूप से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को अभिनय और प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। बच्चों की मासूमियत, आकर्षक वेशभूषा और उत्साह ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया।






विद्यालय की प्राचार्या मनीषा रघुवंशी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और हमारी समृद्ध परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ हुआ।

जैन दर्शन और सनातन संस्कृति में योगेश्वर श्री कृष्ण के आदर्श प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग श्रृंखला के विशेष सत्र में पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने साइंस ऑफ काइंडनेस पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति और जैन दर्शन दोनों ही धाराओं में योगेश्वर श्री कृष्ण का व्यक्तित्व परोपकार, नीति और न्याय की सर्वोच्च प्रतिमूर्ति के रूप में पूजनीय है।



जैन दर्शन में नारायण का स्थान और तीर्थंकर नेमिनाथ से संबंध मुनि श्री ने ऐतिहासिक व धार्मिक संदर्भों को रेखांकित करते हुए कहा कि जैन दर्शन में श्री कृष्ण को नारायण का गरिमामय स्थान प्राप्त है। उनके जीवन की पावन लीलाओं और आदर्शों का विस्तृत वर्णन जैन ग्रंथों में भी मिलता है। उन्होंने बताया कि यादव कुल के गौरव और गिरनार पर्वत से मोक्ष पधारने वाले जैन धर्म के २२वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ स्वामी, श्री कृष्ण के चचेरे भाई थे। यह संबंध भारतीय संस्कृति की अंतर्निहित एकता और सद्भाव को दर्शाता है।अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और बाल्यकाल से परोपकारसत्र के दौरान मुनि श्री ने कहा कि श्री कृष्ण ने बाल्यकाल से ही हमेशा उस लाचार व्यक्ति का हाथ थामा, जिसके पास कोई अन्य सहारा या मार्ग नहीं बचा था। वे अन्याय के सामने न तो स्वयं कभी झुके और न ही उन्होंने किसी कमजोर को झुकने दिया। महाभारत काल में पांडवों की घोर विवशता को समझकर, उन्हें न्यायसंगत मार्ग दिखाना और सही मार्गदर्शन करना उनकी इसी नीतिपरक भूमिका का प्रमाण है। बिना प्रतिफल की चाह के कर्तव्य (निरिहता का संदेश)श्री कृष्ण के जीवन का सबसे बड़ा पाठ निरिहता यानी निष्काम कर्म है।

लीनेस क्लब के 3 दिवसीय सेवा सप्ताह की शुरूआत



अशोकनगर। लीनेस क्लब द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, इसी श्रृंखला में लीनेस क्लब द्वारा सेवा की गतिविधियां में क्लब की सभी सदस्य पर बढ़चढ़कर भाग ले रही है। क्लब द्वारा शासकीय क्रमांक एक स्कूल में छात्राओं को पैड वितरित किए गए ,जिसमें क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल,डॉक्टर रजनी शुक्ला, गंगा रघुवंशी, डॉ मेघा, सुनीता अग्रवाल दीपा रघुवंशी, प्रीति बंसल ,अंजना अग्रवाल,स्नेहा अग्रवाल सोनम सोनी,सीमा बत्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रही एवं छात्राओं को समझाया कि सैनिटरी पैड का इस्तेमाल क्यों करना आवश्यक है, इसके न करने पर क्या-क्या साइड इफेक्ट होते हैं। साथ ही क्लब की सदस्य रश्मि जैन द्वारा छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में लघु नाटक की प्रस्तुति द्वारा समझाया गया।

विमर्श जागृति मंच की बैठक संपन्न, आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता पर चर्चा

अशोकनगर। विमर्श जागृति मंच की मीटिंग का आयोजन बुधवार रात्रि में जैन भवन में किया गया।जिसमें तिजारा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता पर चर्चा की गई। अध्यक्ष संजय सिंघई एवं मंत्री जितेंद्र जैन शिक्षक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुदेव के चित्र के समक्ष मंच के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुभाष जैन कैंची,राष्ट्रीय उप मंत्री विनोद भारिल्ल, राजेश तारई, प्रमोद छाया एवं महेंद्र जैन कडेसरा ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा सामूहिक संकल्प गीत गाया गया। अधिवेशन की विस्तृत जानकारी देते हुए सुभाष जैन कैंची ने संस्था की गतिविधियों पर अपने विचार रखे। चर्चा के उपरांत 25 सदस्यों ने सुप्रसिद्ध जैन अतिशय क्षेत्र तिजारा में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में जाने एवं तीर्थ वंदना को जाने की स्वीकृति दी। धार्मिक प्रोजेक्ट के साथ सामाजिक प्रोजेक्ट करने पर भी जोर दिया गया। एक नवीन सदस्य राकेश जैन शिक्षक को सदस्यता देते हुए सम्मानित किया गया।



महाविद्यालय से 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया



अशोकनगर। प्रधानमंत्री कालेज आफ ऐक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर के बी.कॉम. मानव संसाधन संकाय के छह विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड, गुना में पेड अप्रेन्टिसशिप हेतु एक वर्ष की अवधि के लिये हुआ है। गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज की छात्रा सिद्धि सोनी, विधि पलिया, रिमझिम मौर्य, चंचल ओझा, याशिका गांधी एवं छात्र राज रजक ने सफलता प्राप्त की है। ये सभी महाविद्यालय के प्रथम एच आर बैच के विद्यार्थी हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्या डॉ रेणु राजेश एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ डॉ पी के सुराना विभागाध्यक्ष, शिव सेवक चैधरी, रश्मि कुर्मी, अर्चना शर्मा, अरविन्द कौशिक, मनीष सोनी ने चयनित सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल इन विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। चयनित विद्यार्थियों को गेल इंडिया लिमिटेड गुना में इंटर्नशिप के दौरान मानव संसाधन प्रबंधन के व्यावहारिक गुण सीखने का अवसर मिलेगा, साथ ही इस अवधि में उन्हें प्रतिमाह नियमानुसार स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

यहां के कई प्राचीन मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराने, 2024 में मुख्यमंत्री भी जन्माष्टमी का पर्व मनाने आ चुके

द्वापर युग और वैदिक महाभारत काल से है चंदेरी की पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी कई गाथाएं और लीलाएं पढ़ने और सुनने मिलती हैं। अशोकनगर जिले की चंदेरी नगरी को द्वापर और वैदिक महाभारत काल से जोड़कर देखा जाता है। कहा जाता है कि जब भगवान श्री कृष्ण उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने गए तब मार्ग में चंदेरी भी आया होगा यहां यह भी कहा जाता है कि शिशुपाल ने चंदेरी को अपनी राजधानी बनाया था, चेदी जनपद के रूप में इसके अवशेष चंदेरी से 15 किलोमीटर दूर बूढ़ी चंदेरी में देखने मिलते हैं।

इन सब कारणों को लेकर 26 अगस्त 2024 में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जन्माष्टमी का पर्व मनाने के लिए चंदेरी पहुंचे थे, इस दौरान उन्हे मुरलीधर मंदिर जाना था लेकिन वह लक्ष्मण मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थे और बाद में एक सभा में उन्होंने कहा था कि आज का दिन भगवान के जन्मोत्सव का दिन है खुशियां मनाने का दिन है।



श्रीकृष्ण पार्थव योजना में चंदेरी को भी जोड़ने की बात कही थी



उन्होंने चंदेरी को पर्यटन तीर्थ के रूप में दर्जा दिए जाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भगवान श्री कृष्ण का 5000 वर्ष पुराना इतिहास जहां जहां से भी जुड़ा है, जिन जिन स्थानों पर भगवान के चरण पड़े हैं, उन्हें भगवान श्री कृष्ण पार्थव योजना से जोड़ा जाएगा। उसमें चंदेरी भी शामिल है। मुख्यमंत्री के द्वारा कहे गए इन शब्दों के बाद यह माना जाता है कि इस स्थान पर जरूर भगवान श्री कृष्ण के चरण पड़े होगें। इसीलिए जन्माष्टमी का पर्व मनाने के लिए मुख्यमंत्री 2024 में चंदेरी पहुंचे थे।

मुरलीधर मंदिर में आज भी चमत्कार देखने मिलते हैं

इन सबके साथ जब चंदेरी के भगवान श्री कृष्ण से जुड़े मंदिरों को तलाशा गया तब पसियापुरा में स्थित मुरलीधर मंदिर जिसे कोली समाज का कहा जाता है, इस मंदिर के पुजारी महेश पांडेय का कहना है कि उनकी 4 पीढ़ियां इस मंदिर से जुड़ी हैं। यहां भगवान श्रीकृष्ण का दरबार अत्यंत प्राचीन है और पुजारी की बात माने तो इस मंदिर के दर्शन करने के लिए ग्वालियर भोपाल, इन्दौर, गुना शिवपुरी ललितपुर आदि स्थानों से लोग पहुंचते हैं, यहां रात में 12 बजे के बाद नृत्य होता है जिसे रास रचना कहा जाता है। यहां तबला, घुंघरू, चिमटा आदि की आवाजे सुनाईं पड़ती हैं, इस रास को उन्होंने भी देखा है। जन्माष्टमी पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और भगवान का चांदी का विमान जल झूलनी ग्यारस पर निकाला जाता है।

900 वर्ष पुराना जुगल किशोर मंदिर, बाहर बीजक भी लगा है

इसी प्रकार हाटका पुरा चंदेरी में जुगल किशोर मंदिर है जिसे 900 वर्ष पुराना कहा जाता है, इस मंदिर के पुजारी पंडित श्रीराम स्वरूप दुबे हैं, इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का अत्यंत दर्शनीय दरबार है, यहां अन्य भगवानों के भी मंदिर हैं, इस मंदिर की देखरेख सिहारे समाज द्वारा की जाती है। वैसे तो चंदेरी में ऐसे कई प्राचीन और भी मंदिर हैं लेकिन इन दोनों मंदिरों की अपनी अलग विशेषता है।



जन्माष्टमी विशेष, राजगढ़ के कुछ भक्तों ने श्री कृष्ण को समर्पित कर रखे हैं महीने के 3 तीन

ऐसी लागी लगन..... प्रत्येक एकादशी पर करने जाते गिर्राजजी की परिक्रमा

सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय के कुछ युवा श्रीकृष्ण की भक्ति में ऐसे रमे हैं कि बीते करीब 15-17 वर्षों से प्रत्येक माह के तीन उन्होंने सिर्फ ईश्वर को समर्पित कर रखे हैं। नगर के लगभग 10-12 कृष्ण भक्तों की यह टोली हर महीने की ग्यारस(एकादशी) या पूर्णिमा को करीब 600 किमी का सफर तय कर गिर्राज पर्वत की परिक्रमा करने जाती है। इतने वर्षों में कभी ऐसा नहीं हुआ कि इस यात्रा में कभी व्यवधान आया हो। कभी-कभार स्वास्थ्य या अन्य पारिवारिक कारणों से कोई भक्त नहीं जा पाता है तो अगले माह वो सपरिवार परिक्रमा करने पहुंचता है। इन कृष्ण भक्तों में शामिल राजू मेवाड़े, रवि मेवाड़े, अजय जोशी, राकेश नामदेव, जीवन मेवाड़े, श्याम गुर्जर, राधारमण चैरसिया, रितेश सौलंकी बताते हैं कि एकादशी या पूर्णिमा पर गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने का अपना विशेष महत्व रहता है। यही कारण है कि उनकी टोली सालों से इन दोनों पवित्र दिवसों में से किसी एक दिन गिर्राजजी पहुंचकर पूजा-अर्चना और परिक्रमा करने जा रही है।





एक भक्त श्याम गुर्जर दंडवत करते हैं पर्वत की परिक्रमा

इन कृष्ण भक्तों में शामिल श्री श्याम गुर्जर गोवर्धन पर्वत की 7 कोस यानि 21 किमी की परिक्रमा दंडवत होकर किया करते हैं। ये भक्त बताते हैं कि राजगढ़ मुख्यालय से ब्यावरा पहुंचकर वहां से रात्रि में टेन में बैठते हैं और अगले दिन मथुरा पहुंचते हैं। मथुरा से गिर्राजजी की दूरी लगभग 20 किमी है। ऑटो या अन्य यात्री वाहन से सभी गिर्राजजी पहुंचते हैं।

पहले मानसी कुंड में करते हैं स्नान

इन भक्तों ने बताया कि गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा तभी सार्थक होती है \ यहां स्थित मानसी गंगा नाम के कुंड में स्नान कर लिया जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने अपनी मानसी शक्ति(मानसिक संकल्प) से इस कुंड को प्रकट किया था। इसी धार्मिक मान्यता के चलते पहले सभी भक्त कुंड में स्नान करने के उपरान्त अपनी यात्रा आरंभ करते हैं।

लाखों की वित्तीय अनियमिताओं पर जिपं सीईओ ने किया अयोग्य घोषित

पूर्व व वर्तमान सरपंच छह सालों तक नहीं लड़ सकेंगे कोई चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की पांच विभिन्न ग्राम पंचायतों के 4 पूर्व एवं एक वर्तमान सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमिताओं पर जिला पंचायत सीईओ ने बड़ी कार्यवाही की है। सीईओ श्री इच्छित गढ़पाले ने सभी प्रकरणों, अभिलेखों, प्रतिवेदनों की जांच एवं परीक्षण सहित सुनवाई उपरान्त यह कार्यवाही की है। दोष सिद्ध हो जाने पर संबंधित पूर्व सरपंचों को 6 वर्ष की अवधि के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित प्रकरणों में वसूली की राशि भी अधिरोपित की गई है। यहां कुछ पंचायत सचिवों पर भी कार्यवाही करते हुए उनसे वसूली का आदेश जारी किया गया है।



ग्राम पंचायत टिकोद, जनपद पंचायत सारंगपुर

राजीव गांधी सेवा केन्द्र से संबंधित 2 लाख 23 हजार 659 रुपए की वसूली राशि का कार्य पूर्ण कराए जाने के उपरांत प्रकरण का निराकरण किया गया। कार्य में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच जगदीश को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

ग्राम पंचायत रायपुरिया जनपद पंचायत सारंगपुर

सीसी रोड निर्माण कार्य की करीब 2 लाख रुपए की राशि का अग्रिम आहरण किए जाने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच जगदीश पिता भेरूलाल को 6 वर्ष के लिए चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

ग्राम पंचायत कांकरिया जनपद पंचायत सारंगपुर

अतिरिक्त कक्ष निर्माण से संबंधित प्रकरण में प्रकरण दर्ज होने के उपरांत कार्य कराया जाना तथा वित्तीय अनियमितता का दोष सिद्ध पाए जाने पर पूर्व सरपंच दुर्गाप्रसाद मालवीय को 6 वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

ग्राम पंचायत चांदपुरा जनपद पंचायत खिलचीपुर

राजीव गांधी सेवा केन्द्र से संबंधित कुल 2 लाख 12 हजार 806 रुपए की राशि मामले में पूर्व सरपंच श्रीमती शैतानबाई पर 1 लाख 6 हजार एवं तत्कालीन सचिव मदनलाल पर भी 1 लाख 6 हजार की वसूली अधिरोपित की गई है। पूर्व सरपंच श्रीमती शैतानबाई को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया वहीं सचिव की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्से की राशि की वसूली उनके वारिसों से भू-राजस्व की भांति की जाएगी।

भंडावद में वर्तमान सरपंच अयोग्य घोषित

जीरापुर जपं की ग्राम पंचायत भंडावद में वित्तीय अनियमितता की कुल 21 लाख राशि के प्रकरण में सरपंच एवं सचिव पर समानुपातिक रूप से 10 लाख 96 हजार प्रत्येक की वसूली अधिरोपित की गई है। दोष सिद्ध पाए जाने पर सरपंच मंजूबाई राठौर को 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। वहीं सचिव श्रीलाल सिसोदिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा प्रकरण से संबंधित अन्य कार्यों में वसूली अधिरोपित कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जीरापुर एवं कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजगढ़ को निर्देशित किया गया है।

2.40 लाख बरामद, शेष राशि और अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ जारी

विदेशी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपितों से ठगी की शेष राशि तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार सारंगपुर निवासी फरियादी अली असगर सैफी ने पचोर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त को पचोर मंडी में एक महिला और दो पुरुषों ने करेंसी एक्सचेंज के नाम पर उनके साथ 5 लाख रुपये की ठगी की। फरियादी की रिपोर्ट पर पचोर थाने में अपराध क्रमांक 405/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

सीसीटीवी और मुखबिर से मिले सुराग

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने ठगी की वारदात स्वीकार की।

बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं आरोपित

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दुखवा पिता बदुवा रविदास (30), निवासी सरेंडा फुलवारी, जिला कटिहार (बिहार), रोबिन अब्दुल पिता अब्दुल रफ (36), निवासी कबीरबस्ती, मलकागंज, दिल्ली और फहिमा पति मिराज शेख (34), निवासी अली गांव, बदरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ठगी की रकम में से 2 लाख 40 हजार रुपये बरामद किए हैं। एसडीओपी अरविंद सिंह के अनुसार आरोपितों से शेष राशि की बरामदगी और गिरोह द्वारा की गई अन्य वारदातों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया, उप निरीक्षक जगदीश गोयल, अशोक कुमार भगत, प्रधान आरक्षक लकी घोषी, आरक्षक चेतन दुबे, मनीष, माया राजपूत, अतुल मौर्य और अर्जुन सिंह की भूमिका रही।

नेशनल खो-खो खेलने पुरी गया 15 वर्षीय रितेश समुद्र में नहाते समय लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पुरी गया सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम किठोर निवासी 15 वर्षीय रितेश पुत्र रामबगस चावड़ा समुद्र में नहाने के दौरान लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और क्षेत्र में चिंता का माहौल है। रितेश की तलाश के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रितेश कक्षा 9वीं का छात्र है और वह इंदौर फेडरेशन की 15 सदस्यीय खो-खो टीम के साथ 27 अगस्त को पुरी गया था। टीम ने वहां आयोजित नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बताया जा रहा है कि प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद मंगलवार को टीम की वापसी प्रस्तावित थी। वापसी से पहले टीम के सभी खिलाड़ी समुद्र किनारे घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ खिलाड़ी समुद्र में नहाने लगे। रितेश भी नहाने के लिए समुद्र में उतरा था। अचानक आई तेज लहरों की चपेट में आने के बाद वह गहरे पानी की ओर चला गया। साथ मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते रितेश समुद्र की लहरों में लापता हो गया। घटना की सूचना परिजनों को जानकारी दी गई। इसके बाद परिवार के लोग पुरी के लिए रवाना हुए। रितेश के समुद्र में लापता होने की खबर से ग्राम किठोर सहित पूरे सारंगपुर क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। परिजन उसके सुरक्षित मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। प्रशासन और स्थानीय बचाव दल द्वारा समुद्र में उसकी तलाश किए जाने की जानकारी सामने आई है।

बहनों ने टेटवाल की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र वे बोले- आपका भाई हमेशा आपके लिए तैयार



हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर

रक्षाबंधन पर्व एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर राठी मांगलिक परिसर में जिला स्तरीय लाड़ली बहना रक्षा बंधन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं। बहनों ने मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का संदेश दिया। बहनों के स्नेह से अभिभूत मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि आप सभी मेरी बहनें हैं और आपका भाई हमेशा आपके लिए तैयार है। आपकी सेवा और सम्मान मेरा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को सदैव सर्वोच्च सम्मान मिला है। रानी दुर्गावती, महारानी लक्ष्मीबाई और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जैसी महान महिलाओं ने समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की विशेष पहल के तहत बहनों द्वारा राखी बांधने के बाद मंत्री ने प्रत्येक बहन को पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर भी है। पौधे भेंट करने का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देना है।

बंदियों से संबंधित दैनिक व मासिक गोशवारा की जानकारी ली

रायसेन की घटना के बाद हरकत में आया प्रशासन, कलेक्टर एसपी ने परखी राजगढ़ जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रायसेन जेल में बुधवार सुबह हत्या के आरोपी द्वारा एक प्रहरी को तमंचे से मारी गई गोली की घटना के बाद राजगढ़ जिला प्रशासन भी हरकत में आया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार को जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जेल की व्यवस्थाओं, बंदियों से संबंधित अभिलेखों तथा मुलाकात व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-प्रिजन एप एवं पोर्टल पर दर्ज जानकारी का अवलोकन करते हुए बंदियों से संबंधित दैनिक एवं मासिक गोशवारा की जानकारी ली। उन्होंने पैरोल से संबंधित प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पैरोल प्रकरणों में आधार कार्ड एवं समग्र आईडी की जानकारी अनिवार्य रूप से दर्ज करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जेल में बंदियों से मुलाकात के लिए आने वाले परिजनों की प्रवेश एवं मुलाकात की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान मुलाकात के लिए आने वाले आवेदकों की एंट्री किस प्रकार की जाती है, मुलाकात पास बनाने की प्रक्रिया, आवेदन पत्र तथा निर्धारित शुल्क आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



अभिलेखा का बारीकी से किया अवलोकन

कलेक्टर ने मुलाकात के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रक्रिया का भी बारीकी से अवलोकन किया तथा व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही महिला मुलाकात कक्ष एवं जाली कक्ष का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जेल प्रशासन को बंदियों एवं उनके परिजनों के लिए निर्धारित नियमों के अनुरूप समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी अभिलेखों एवं प्रक्रियाओं का नियमानुसार संधारण करने के निर्देश दिए।

होली एंजल्स किड्स एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



कुरावर। होली एंजल्स किड्स एकेडमी स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण सहित विभिन्न धार्मिक पात्रों के आकर्षक रूप में सज-धजकर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न भजनों एवं धार्मिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण बिखेरा। नन्हे बच्चों की मासूम अदाओं, सुंदर वेशभूषा और शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया।

पूरे विद्यालय परिसर में कृष्ण भक्ति का रंग देखने को मिला। राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह और उमंग नजर आई। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों और प्रेम, सद्भाव एवं धर्म के संदेश से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर अभिभावक कैलास राज, डॉक्टर रविंद्र मीना, धीरज भावसर सहित अन्य अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

विहिप के स्थापना दिवस पर होगा आयोजन

भगवान गणेश को गौरव यात्रा का प्रथम आमंत्रण दिया गया

राजगढ़। विश्व हिन्दू परिषद का 63वां स्थापना दिवस इस बार भव्यता से मनाया जाने वाला है। उक्त आयोजन को लेकर जिला मुख्यालय पर एक विशाल भगवा गौरव यात्रा का आयोजन भी रखा जा रहा है। आगामी 10 सितंबर को प्रातः 11 बजे से निकलने वाली इस यात्रा का प्रथम आमंत्रण पत्र विहिप पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रथम पूज्य भगवान गणेश के मंदिर जाकर सौंपा गया। भगवान गणेश से इस यात्रा की भव्यता, सफलता की कामना की गई। इस यात्रा में राजगढ़ प्रखण्ड के सभी ग्रामों से आने वाले भगवा ध्वज यात्रा मुख्यालय के मंगल भवन पहुंचेगी जहां सभी ग्राम समितियों का महा-सम्मेलन होगा। तदुपरानत यह यात्रा संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए पुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां महाआरती उपरान्त यात्रा का समापन होगा।

यात्रा को भव्य बनाने किया आगृहः आयोजन हेतु विहिप की विभिन्न समितियों द्वारा वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, प्रखंड अध्यक्ष सोनू गौड़, मंत्री हेमराज तंवर, संयोजक प्रकाश तंवर, नगर मंत्री लोकेश शर्मा, मनोहर तंवर, अशोक तंवर सहित अन्य ने आधिकाधिक नागरिकों से इस यात्रा में सम्मिलित होकर सफल बनाने का आग्रह किया है।

कार्यालय नगर परिषद खुजनेर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

Fax & ☎ (07372) 257228 E-mail cmokhujner@mpurban.gov.in

क्रमांक / निर्माण/1012/2026 -:: निविदा सूचना ::- खुजनेर दिनांक 02/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वैबसाईट http://mpetendar.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_533484_1 DATE 03.09.26/10:30AM	एकीकृत स्मार्ट आध्यात्मि पर्यावरणीय एवं वेलनेस गार्डन रेस्टोरेंट होटल, मेडिटेशन हाल, पार्किंग विथ सोलर सिस्टम, जल मंदिर निर्माण हेतु डी.पी.आर तैयार करने का कार्य	1. 15 दिवस 2. 400000	1. 2000 2. 4000	18.09.2026/ 17:30 PM

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetendar.gov.in/ की वेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी परिषद को रहेगा।

कैलाशी बाई अमर सिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद खुजनेर | ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री, नगर परिषद खुजनेर | कृष्णकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद खुजनेर